जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)
नरार, मधुबनी

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

ज्ञापांक 348 / नरार, मधुबनी, दिनांक 29/06/2023

निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना के ज्ञापांक–331 दिनांक–26.06.2023 के निदेशानुसार मधुबनी जिले के शिक्षकों का पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डायट, नरार, मधुबनी में 04 जुलाई 2023 से संचालित किया जाना है।

अतः उक्त प्रशिक्षण केन्द्र में भोजन, आवासन एवं स्टेशनरी आदि की व्यवस्था हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं **(Vendor's)** से अलग–अलग कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

प्रतिदिन प्रतिव्यक्ति प्रतिभागी शिक्षक का भोजनादि, आवासनादि एवं स्टेशनरी संबंधी विवरण :–

भोजनादि	आवासन	प्रतिभागी शिक्षक हेतु प्रशिक्षण सामग्री (बैचवार)	अभ्युक्ति
सुबह का नास्ता (चाय सहित)	चारपाई, गद्दा, चादर, तकिया, ठण्ड के समय में कम्बल, अलाव, मच्छर से बचाव हेतु मच्छरदानी / ऑलआउट / अगर बत्ती इत्यादि।	प्रशिक्षण सहायक सामग्री फोल्डर फाईल, पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, नोट पेड इत्यादि।	प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के दर से GST सहित।
दोपहर का भोजन			
रात्रि का भोजन			
चाय बिस्कुट			
प्रतिदिन प्रति प्रतिभागी			
शुद्ध पेय जल			

कोटेशन संबंधी दिशा–निर्देश निम्नवत है :–

1. कोटेशन सीलबंद लिफाफे में दिनांक–01.07.2023 शाम 04:00 बजे तक प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नरार, मधुबनी के पते पर निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट अथवा हाथो–हाथ कार्यालय में जमा कराया जा सकता है।
2. डायट, नरार, मधुबनी के लिए शीलबन्द लिफाफे में कोटेशन आमंत्रण किया जाता है।
3. कोटेशन दाता को **GST No., PAN No.** तथा आधार नम्बर संलग्न करना आवश्यक है।
4. भोजनादि के लिए कोटेशन दाता के पास **FSSAI, Govt. of Bihar** से प्राप्त लाईसेन्स का होना अनिवार्य है।
5. प्रशिक्षण में भोजन की गुणवत्ता उत्तम होना आवश्यक है एवं भोजन की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर किसी समय अनुबंध रद्द किया जा सकता है।
6. निर्धारित तिथि तक सील बंद लिफाफे में प्राप्त कोटेशन दिनांक–02.07.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में गठित आन्तिरिक समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जायेगा। सबसे कम दर वाले कोटेशन दाता के साथ अनुबंध कर कार्यालय आदेश निर्गत किया जायेगा।
7. यदि न्युनत्तम दर वाले कोटेशन दाता के साथ अनुबंध किसी कारणवश नहीं हो पाता है तो उसके बाद कम दर वाले कोटेशन दाता का चयन कर अनुबंध किया जायेगा।

विस्तृत सूचना संस्थान से कार्यालय अवधि में या संस्थान के **website- www.dietmadhubani.net** पर प्राप्त की जा सकती है। कोटेशन को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा।

29/06/23

प्रभारी प्राचार्य
डायट, नरार, मधुबनी।